# Ahoj!

# Hello, Welcome to Slovakia



HINDI

Hello, welcome
to Slovakia

# अपने अधिकारों को जानें



## मैं कहां हूं?

नमस्कार! आप स्लोवाक गणराज्य (स्लोवाकिया) में हैं, जो यूरोप के केंद्र में स्थित है। स्लोवाकिया यूरोपीय संघ (EU) का सदस्य देश है। इसकी राजधानी ब्रातिस्लावा है और आधिकारिक भाषा स्लोवाक है। स्लोवाकिया में, जब तक आप 18 वर्ष के नहीं हो जाते, आपको बच्चा माना जाता है। बच्चे के रूप में, आप सुरक्षित हैं और आपकी देखभाल करना स्थानीय अधिकारियों का कानूनी कर्तव्य है। कृपया अपने अधिकारों, जिम्मेदारियों और कानूनी विकल्पों के बारे में पढ़ें।




## मुझे पुलिस ने क्यों पकड़ा है?

क्योंकि आप स्लोवाकिया में बिना वैध वीज़ा/निवास परमिट के पाए गए थे, पुलिस आपको यह सुनिश्चित करने के लिए पुलिस स्टेशन ले गई कि आप सुरक्षित रहें। आपकी स्थिति को बेहतर ढंग से समझने के लिए, वे आपसे कुछ सरल प्रश्न पूछेंगे। आपके उत्तर और दस्तावेज (यदि कोई हो) के आधार पर, वे यह पता लगा सकते हैं कि आप 18 वर्ष से कम उम्र के हैं और आपके साथ कोई वयस्क रिश्तेदार नहीं है। उस स्थिति में पुलिस बच्चों के सामाजिक संरक्षण प्राधिकरण को सूचित करती है, जो तब तक आपकी देखभाल करेगा जब तक आपको सेंटर फॉर चिल्ड्रन एंड फैमिलीज़ (सेंटर) में नहीं पहुंचाया जाता। यदि आप अपनी उम्र के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं दे पाते या उसे लेकर कोई संदेह है, तो आपको अस्पताल में मेडिकल जांच (एक्स-रे, शरीर की जांच) से गुजरने के लिए कहा जाएगा।

## मैं कहां रहूंगा/रहूंगी?

आपको सेंटर फॉर चिल्ड्रन एंड फैमिलीज़ में रखा जाएगा। वहां के कर्मचारी आपकी देखभाल के साथ-साथ और आपको सुरक्षा प्रदान करेंगे। वे आवास, भोजन, ज़रूरी कपड़े और प्रसाधन सामग्री प्रदान करेंगे। आपको यह सब पाने का अधिकार है। आपको पॉकेट मनी भी मिलेगी, जिसे आप अपनी इच्छानुसार खर्च कर सकते हैं। यदि बहुत जोखिम भरा नहीं है, तो आप अपने परिवार से भी संपर्क कर सकते हैं।





## मेरी उम्र क्यों महत्वपूर्ण है?

क्योंकि आप अपने देश के बाहर अपने माता-पिता की गैरमौजूदगी में बच्चे हैं, आपके अधिकार कुछ हद तक वयस्क विदेशियों से अलग हैं। वे आपको बढ़ी हुई सुरक्षा प्रदान करते हैं:

- आपके अधिकारों की रक्षा के लिए एक अभिभावक की नियुक्ति की जाएगी।
- जब तक आप 18 वर्ष के नहीं हो जाते, पुलिस आपको स्लोवाकिया से नहीं निकाल सकती, जब तक कि यह आपके सर्वोत्तम हित में न हो। आपको डिटेंशन सेंटर (पुलिसकर्मियों द्वारा संरक्षित केंद्र) में भी नहीं रखा जा सकता।
- आपको सेंटर में रखा जाएगा, जहां आप अपने 18 वें जन्मदिन तक रह सकते हैं, कुछ मामलों में इससे ज्यादा भी।

## अभिभाव कौन है?

अभिभावक वह व्यक्ति है जो आपकी संपूर्ण देखभाल के लिए कानूनी रूप से जिम्मेदार है, जो विदेशी पुलिस या अदालत जैसे अन्य प्राधिकारियों के समक्ष आपका प्रतिनिधित्व करता है और यह सुनिश्चित करता है कि आपके सर्वोत्तम हित का सम्मान किया जाए। आपके पास ज़रूरत पड़ने पर उनसे संपर्क करने का अधिकार है, सेंटर के केयरटेकर या सामाजिक कार्यकर्ता आपको उनसे कनेक्ट करेंगे। आपको अपनी किसी परिस्थिति और उपायों के बारे में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने और स्वतंत्र रूप से संवाद करने का अधिकार है। हालांकि, सभी आवश्यक कदम आपके अभिभावक द्वारा ही उठाए जाएंगे। उनसे बात किए बिना किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर न करें। इस बात को लेकर चिंतित न हों कि आपको स्लोवाक भाषा नहीं आती, आपकी भाषा जानने वाला दुभाषिया अभिभावक के साथ बात करने में आपकी मदद करेगा।



## और मेरी देखभाल कौन करेगा?

सेंटर में, आप अपनी देखभाल करने वाले विभिन्न लोगों से मिलेंगे। केयरटेकर दिन-प्रतिदिन आपकी देखभाल करेंगे, आपके लिए खाना बनाएंगे और खाली समय आपके साथ बिताएंगे, लेकिन वे आपको भी कुछ ज़िम्मेदारी (जैसे कि अपने कमरे की सफाई, बर्तन धोना आदि) सौंप सकते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता आपके समग्र स्वास्थ्य - शारीरिक और मानसिक दोनों की देखभाल करेंगे। आपको IOM द्वारा एक वकील भी प्रदान किया जाएगा जो सेंटर पहुंचने पर आपको आपके सभी अधिकारों और कानूनी विकल्पों के बारे में विस्तार से बताएगा।

## क्या मैं सेंटर के बाहर स्वतंत्र रूप से घूम सकता/सकती हूं?

चूंकि सेंटर आपकी देखभाल और सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है, आप सामाजिक कार्यकर्ता, निदेशक या केयरटेकर की सहमति से ही परिसर के बाहर जा सकते हैं। वे मुख्य रूप से इस बात पर विचार करेंगे कि आप जहां जाना चाहते हैं, वो जगह आपके लिए उपयुक्त है या नहीं।

## क्या मैं स्लोवाकिया में अपनी धार्मिक गतिविधियों को अमल में ला सकता/सकती हूं?

बेशक, आप ऐसा कर सकता है! आपको यह अधिकार है कि दूसरे आपकी संस्कृति, आदतों और धर्म का सम्मान करें। साथ ही, आपको अपनी धार्मिक गतिविधियों को निजी और सार्वजनिक रूप से अमल में लाने का अधिकार है। सेंटर में इसके अनुसार ही व्यवस्था की जाती है (जैसे कि धर्म के अनुसार भोजन परोसना, आपकी छुट्टियों और परंपरा का सम्मान करना आदि), इसलिए आपको चिंता करने की कोई बात नहीं है। यदि आपके कुछ अनुरोध या प्रश्न हैं, तो बेझिझक पूछें और अपने केयरटेकर से उन पर चर्चा करें।



## यदि कोई मुझे चोट पहुंचाता है या गलत व्यवहार करता है, तो क्या?

आपको शारीरिक या मानसिक हिंसा और दुर्व्यवहार से सुरक्षित रहने का अधिकार है। यदि ऐसा होता है, तो संकोच न करें और इसके बारे में किसी ऐसे वयस्क को बताएं जिस पर आप भरोसा करते हैं। साथ ही, अगर आपके साथ ऐसा आपके गृह देश में या यूरोप की यात्रा के दौरान हुआ है, तो अपने अभिभावक को इस बारे में बताएं, जो आपको बेहतर महसूस करने में मदद के लिए आवश्यक कदम उठा सकता है।

## तबीयत खराब होने पर क्या मैं डॉक्टर के पास जा सकता/सकती हूं?

सेंटर आपको आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करता है। आपके सेंटर पहुंचने के बाद, डॉक्टर द्वारा आपकी जांच की जाएगी जो यह पता लगाएगा आप किसी बीमारी से पीड़ित तो नहीं हैं और क्या आपको किसी उपचार की ज़रूरत है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तक, आपको अस्थायी रूप से सेंटर के रिसेप्शन वाले भाग में रखा जाएगा। यह एक बंद क्षेत्र होता है, जहां आपको आजादी से घूमने और दूसरे बच्चों से संपर्क करने की इजाजत नहीं होती। यह पता चलने पर कि आप स्वस्थ हैं, आपको सेंटर के रिहायशी भाग में रखा जाएगा, जहां आप दूसरों से मिल सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के मामले में, सामाजिक कार्यकर्ता या केयरटेकर से बात करें जो आपकी मदद करेंगे और आपको डॉक्टर के पास ले जाएंगे।

## क्या मुझे स्लोवाक बोलने की ज़रूरत है?

आपको उस भाषा में बोलने का अधिकार है, जिसे आप जानते हैं और आपको दुभाषिया प्राप्त करने का भी अधिकार है। लेकिन किसी दूसरी भाषा का ज्ञान हमेशा अच्छा होता है। स्लोवाक भाषा सीखने से आपको सेंटर में अपने केयरटेकर के साथ संवाद करने, नए दोस्तों से मिलने, स्कूल में नई चीजें सीखने और स्लोवाकिया में नौकरी खोजने में मदद मिल सकती है। चूंकि आपको मुफ्त, पूर्णकालिक शिक्षा का अधिकार है, इसलिए आप सेंटर में स्लोवाक भाषा की कक्षाओं में शामिल हो सकते हैं। स्लोवाक पर अच्छी पकड़ होने पर आप स्थानीय बच्चों के साथ स्लोवाक स्कूल भी जा सकेंगे।



# आपकी जिम्मेदारियां

## मुझे किन नियमों का पालन करना चाहिए?

**अधिकारों के साथ जिम्मेदारियां भी आती हैं। कृपया इन बुनियादी नियमों का पालन करें:**

- सेंटर के हाउस नियम, अन्य बच्चों और अपनी देखभाल करने वालों का सम्मान करें।
- दूसरे लोगों, परिसर के उपकरणों को नुकसान न पहुंचाएं, सेंटर में सकारात्मक और मैत्रीपूर्ण माहौल बनाने में शामिल हों।
- अपने वातावरण को साफ-सुथरा रखने में अपने केयरटेकर की मदद करें।
- धैर्य रखें और सेंटर में स्लोवाक भाषा और नई चीजें सीखने में समय बिताएं।



# कानूनी स्थिति



## मेरे कानूनी विकल्प क्या हैं?

आपके लिए उनकी उपयुक्तता के आधार पर आपकी समस्या को हल करने के लिए चार भिन्न विकल्प हैं:

- जब तक आप 18 वर्ष के नहीं हो जाते, तब तक प्रदान किए गए टॉलरेटेड स्टे परमिट के साथ सेंटर में रहने के लिए;
- स्लोवाकिया में अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा (आश्रय-स्थल या सहायक सुरक्षा) के लिए आवेदन करने के लिए;
- स्वेच्छा से अपने देश लौटने के लिए;
- कानूनी रूप से दूसरे देश में रह रहे अपने परिवार के सदस्यों से मिलने के लिए।

## स्लोवाकिया में टॉलरेटेड स्टे क्या है?

ऐसे बच्चे के रूप में जिसका कोई वयस्क रिश्तेदार नहीं है, आपको टॉलरेटेड स्टे प्राप्त करने का अधिकार है, ताकि आप कानूनी रूप से स्लोवाकिया में रह सकें। आवेदन को ठीक से भरने के लिए अभिभावक आपसे कई प्रश्न पूछेंगे, जैसे घर का पता या माता-पिता का नाम आदि। अभिभावक और सामाजिक कार्यकर्ता आपको फॉरेन पुलिस के पास ले जाएंगे। यदि आपकी उम्र 14 या उससे अधिक है, तो पुलिसकर्मी आपके चेहरे की फोटो, आपके फिंगरप्रिंट लेंगे और आपसे आवेदन पर हस्ताक्षर करने को कहेंगे। चिंता न करें, यह मानक प्रक्रिया है और जानकारी को गोपनीय रखा जाएगा। यह आश्रय-स्थल का आवेदन नहीं है। टॉलरेटेड स्टे 180 दिनों के लिए दिया जाता है, लेकिन जब तक आप 18 वर्ष के नहीं हो जाते, इसे बार-बार बढ़ाया जा सकता है।




## अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा क्या है?

स्लोवाकिया द्वारा आपको प्रदान की जाने वाली अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के दो रूप हैं: आश्रय-स्थल और सहायक सुरक्षा। आश्रय-स्थल अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा का सर्वोच्च रूप है। यह तब दिया जा सकता है, जब आपको लगता है कि आपकी जाति, राष्ट्रीयता, धर्म, राजनीतिक दृष्टिकोण, या किसी विशेष सामाजिक समूह की सदस्यता के कारण आपको सताया जा सकता हैं और इसलिए आप अपने मूल देश नहीं लौटना चाहते या नहीं लौट सकते। सताए जाने का मतलब है कि आपको डर है कि आप शारीरिक या मनोवैज्ञानिक हिंसा, यौन हिंसा, भेदभाव, अनुपातहीन या भेदभावपूर्ण अभियोजन या सजा, बच्चों के खिलाफ कार्यवाही आदि का सामना कर सकते हैं।उस स्थिति

में जब आश्रय-स्थल की अनुमति नहीं दी जाती, लेकिन आपके मूल देश लौटने पर गंभीर नुकसान का खतरा (जैसे कि आपको मृत्युदंड मिल सकता है या प्रताड़ित किया जा सकता है, या आपके देश में सशस्त्र संघर्ष के दौरान हिंसा के चलते आपकी जान जोखिम में है) है, तो आपको सहायक सुरक्षा प्रदान की जा सकती है। अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के दोनों रूप आपको स्लोवाकिया में कानूनी रूप से रहने, पढ़ने या काम करने की अनुमति देते हैं।



## आश्रय-स्थल की प्रक्रिया क्या है?

यदि आप आश्रय-स्थल के लिए आवेदन करना चाहते हैं, तो अपने अभिभावक से बात करें या सेंटर में सामाजिक कार्यकर्ताओं से संपर्क करें। आपके अभिभावक और IOM के वकील पूरी प्रक्रिया की व्याख्या करेंगे और आपके सभी सवालों के जवाब देंगे।

## यदि मैं चाहता/चाहती हूं, तो मेरे स्वदेश लौटने में कौन मेरी मदद कर सकता है?



यदि आप अपने देश में अपने परिवार के पास वापस जाना चाहते हैं, तो अपने अभिभावक को इसके बारे में सूचित करें, जो आकलन करेगा कि क्या यह विकल्प आपके लिए सबसे उपयुक्त है। यदि ऐसा है, तो वो IOM से संपर्क करेंगे, जो आपकी घर लौटने में मदद करेगा। वे यात्रा दस्तावेज, यात्रा टिकट में मदद करने के साथ-साथ आपको एयरपोर्ट पहुंचाने और संबंधित देश के एयरपोर्ट से आपके घर तक पहुंचाने में मदद कर सकते हैं। सब कुछ निशुल्क है, लेकिन आपकी सहमति आवश्यक है।



# मैं दूसरे देश में अपने परिवार से कैसे मिल सकता/सकती हूं?

यदि आप जानते हैं कि आपके माता-पिता या कोई अन्य रिश्तेदार यूरोपीय संघ के किसी देश या आपके देश को छोड़कर किसी अन्य देश में रहते हैं और आप उनके साथ रहना चाहते हैं, तो अपने अभिभावक को इस बारे में बताएं। अभिभावक फिर यह पता लगाएगा कि क्या आपका रिश्तेदार उस देश में कानूनी रूप से रहता है, आप उनसे कैसे जुड़े हैं और क्या आपका रिश्तेदार आपकी देखभाल करने के लिए तैयार और सक्षम है। यदि ऐसा है, तो अभिभावक तय करता है कि दूसरे देश में रहने वाले आपके रिश्तेदार के यहां आपको पहुंचाने का सबसे अच्छा तरीका क्या है।



# मुझे कब तय करना चाहिए कि क्या करना है?

सेंटर पहुंचने के बाद आपको यथाशीघ्र आपके अधिकारों और कानूनी विकल्पों के बारे में बताया जाएगा। यदि आप चाहें तो निर्णय लेने और अपने परिवार के साथ चर्चा करने के लिए अतिरिक्त समय ले सकते हैं। IOM के वकील आपको सभी विकल्पों के बारे में विस्तार से बताएंगे और सेंटर में आपके पूरे प्रवास के दौरान उपलब्ध रहेंगे, ताकि यदि आपको कोई कानूनी सलाह चाहिए तो आप उनसे संपर्क कर सकें।

# हमारे बारे में

स्लोवाकिया में अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (IOM), जो आपको निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान कर सकता है। यदि कोई प्रश्न पूछना चाहते हैं, तो कृपया **0850 211 478** पर कॉल करें या हमें **mic@iom.int** पर ईमेल भेजें।

This project is co-financed by European Union from Asylum, Migration and Integration Fund (AMIF). Home Affairs Funds.

This activity was carried out with funding from a grant from the Migrant and Refugee Fund received through the Council of Europe Development Bank.

HINDI | हिंदी